तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

12 निगम की वार्डबंदी कमेटी पर मेयर व डीसी में



12 रंगारंग प्रस्तुतियों से नन्हे छात्रों ने मचाया धमाल



# नई वंदे भारत ट्रेन के कुरुक्षेत्र में स्टॉपेज बनने पर गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 31 विद्यार्थियों व दो शिक्षक बने साझी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भारत की प्रगति के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हुआ, जब देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से एक साथ और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया गया।

इन ट्रेनों में से एक फिरोजपुर से दिल्ली तक संचालित हुई। इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने का गौरव गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र के 31 विद्यार्थियों और दो शिक्षकों को प्राप्त हुआ।

## ◆ ट्रेन के शुभारंभ पर भारत विषय पर ड्राइंग और पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित

### कुरुक्षेत्र में स्टॉपेज बनने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम

नई वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ तथा कुरुक्षेत्र में स्टॉपेज बनने के उपलक्ष में आत्मनिर्भर भारत विषय पर ड्राइंग व पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिसमें गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह वंदे भारत एक्सप्रेस केवल एक आधुनिक रेल नहीं, बल्कि भारत की आत्मनिर्भरता, प्रगति, राष्ट्रीयता और नवाचार का सशक्त प्रतीक है। यह ट्रेन आधुनिक तकनीक, स्वदेशी निर्माण और उत्कृष्ट यात्री सुविधा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है, जो"आत्मनिर्भर भारत/" के संकल्प को और भी सशक्त बनाती है।

## मथाना कॉलेज में डीफामेर्सी जीरो फीस पर दाखिले की अंतिम तिथि कल

कुरुक्षेत्र। लाडवा के गांव मथाना स्थित डॉ बी आर आंबेडकर फामेर्सी कॉलेज में डी फामेर्सी प्रथम वर्ष के दाखिलों के लिए अंतिम दिन 10 और 11 नवम्बर 2025 है। संस्थान ने संविधान के सम्मान में 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वर्ष की 75% सीटों पर बिना फीस के जीरो फीस पर दाखिला की घोषणा की है। कॉलेज संस्थान के चेयरमैन और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया बताया की छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर है और फामेर्सी के क्षेत्र में अपना बेहतर करियर बना सकते हैं। आज 10 और कल 11 नवंबर को बारहवीं (साइंस श्रेणी) पास इच्छुक छात्रों को छात्रों को डी फामेर्सी के प्रथम वर्ष में दाखिला ले सकते है। बीआरअंबेडकरफामेर्सी केकेआर.कॉम पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार रजिस्टर्ड करना होगा। दोनों दिनों में मान्य शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर 1 से 10 नवम्बर तक दाखिला दिया जाएगा। कॉलेज संस्थान के चेयरमैन सूरजभान कटारिया ने आगे बताया डी फामेर्सी 2 वर्षीय कोर्स में हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग, पंचकुला और भारत सरकार के फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा नियमानुसार दाखिला प्रक्रिया रहेगी जिसमें हरियाणा सरकार के द्वारा मिलने वाली अनुसूचित जाति पिछड़ी वर्ग तथा अन्य को स्कॉलरशिप का लाभ भी छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा। 10 व 11 को अंतिम दाखिला प्रक्रिया होगी।



सूरजभान कटारिया।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में युवक से नगदी लूटी, केस दर्ज

पानीपत। पानीपत के गांव कुराड़ निवासी प्रदीप शर्मा पुत्र भैया राम के साथ ड्रेन नंबर दो पर बदमाशों ने लूटपाट की। बदमाशों ने प्रदीप से नगदी, मोबाइल फोन सैट आदि समान लूट लिया। प्रदीप ने लुटेरों का पीछा तो उन्होंने प्रदीप को पीट कर घायल कर दिया और उसकी बाइक की चॉबी निकाल कर झाडियों में फैंक दी।

### रेलवे ट्रैक पार करते ट्रेन से कट युवक की मौत

पानीपत। पानीपत के गोहना रोड वाले फाटक पर रेलवे ट्रैक पार करते समय चालीस वर्षीय जोगेंद्र पुत्र गुरु प्रसाद निवासी गांव बसेरा कंजर जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। जोगिंद्र टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम करता था। इधर, जीआरपी थाना प्रभारी चंद्र सिंह ने बताया कि जोगेंद्र के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देकर उन्हें पानीपत बुलवाया है। परिजनों के आने पर रही जीआरपी इस केस में आगे की कार्यवाही करेगी।

### मानवता की सेवा में 102 लोगों ने रक्तदान किया





पानीपत। श्री सत जीन्दा कल्याणा आश्रम में रविवार को महंत श्री खुशहाल दास महाराज के आशीर्वाद से जन जन कल्याण सेवा समिति द्वारा 21 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप में 102 ने रक्त दान किया। मुख्य रूप से भूषण नागपाल, जय दयाल तनेजा, नरेंद्र सेठी, कृष्ण चुघ, रिंकू चुघ, दिनेश जौहर, दर्शन, किशोर व मुकेश खुराना ने अपनी सेवाएं दी। मंच संचालन कैलाश नारंग ने किया। शिविर में मार्केट कमेटी से अधीक्षक सुदेश शर्मा, आशु, दशहरा कमेटी से प्रधान रमेश माटा, अमित, अशोक, रमेश चुघ, सत जींदा कल्याणा के प्रधान सुरेंद्र मलिक, उप प्रधान सुभाष छाबड़ा, मुख्य सेवादार जय दयाल तनेजा, सचिव राहुल तनेजा मौजूद रहे।

## अंबाला और यमुनानगर में वारदातें: पहले न्यूजीलैंड फिर ग्रीस भेजने का आरोपी एजेंट ने दिया लालच

# कबूतरबाजी में लगाई लाख की चपत, दिल्ली के एजेंट पर केस

एजेंट व साइबर ठग विदेश जाकर व कम समय में ज्यादा पैसे कमाने के लालच देकर लोगों की गाढ़ी कमाई को चूना लगा रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाजी के तहत 2.14 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने साहा के माया इंक्लेव के सुखराम की शिकायत पर सादिक खान व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुखराम ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र उदयवीर को विदेश भेजने के लिए पूर्वी दिल्ली के पुरानी बृजपुरी कृष्णा नगर के सादिक खान से अगस्त 2023 में अंबाला में मुलाकात की थी।

सादिक खान ने उन्हें पहले तो न्यूजीलैंड भेजने के लिए 11 लाख रुपये में बात की और उनसे पेपर, पासपोर्ट व एक लाख 32 हजार रुपये अपने खाते में ले लिए। दो महीने बाद सादिक खान ने न्यूजीलैंड का ऑफर लेटर उन्हें दिया और कहा कि जल्द ही उनका काम हो जाएगा। चार महीने बीत जाने के बाद फिर सादिक ने उन्हें दिल्ली बुलाया और कहा कि न्यूजीलैंड का वीजा नहीं लगा। इसके बाद उसने उन्हें ग्रीस देश में भेजने के लिए कहा, इसके लिए वह सहमत हो गए। सादिक ने उनसे 72 हजार रुपये ग्रीस की फीस व मेडिकल के लिए 10 हजार अलग से ले लिए। उसके पास कुल 2.14 लाख रुपये चले गए। जब उन्होंने सादिक खान से फोन पर बात करने की कोशिश तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया। इस तरह करते-करते लगभग दो वर्ष बीत गए लेकिन न तो रुपये वापस मिले और न ही उनके बेटे को विदेश भेजा गया। अब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

## आयुर्वेदिक कंपनी में निवेश का दिया झांसा

अंबाला। आयुर्वेदिक कंपनी में निवेश का झांसा देकर 22 लाख रुपये की ठगी हो गई। पुलिस ने नारायणगढ़ के प्रवीन कुमार की शिकायत पर बरेली द सिल्वर सपून कंपनी के मालिक यश डांग, नोएडा के अमृतपाल सिंह, अनुराग भल्ला व जगमिंदर चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सहायक उप निरीक्षक बिच्छा राम ने बताया कि प्रवीन की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। प्रवीन ने शिकायत में बताया था कि मै. सियान फार्मा फ्लैट नंबर एक का हिस्सेदार है। उनकी आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने का काम है। कुछ समय से उनकी कंपनी की आर्थिक स्थिति कुछ खराब चल रही थी और इसके लिए उन्हें आर्थिक मदद की जरूरत थी। इस दौरान प्रवीन का संपर्क अपने दोस्त फरीदाबाद निवासी विरेंद्र मित्तल के साथ हुआ और उन्हें समस्या की जानकारी दी। उन्होंने उनकी मुलाकात जगमिंदर चौधरी से दिल्ली में कराई। उसने आश्वासन दिया कि वह एक रिटायर अधिकारी अनुराग भल्ला को जानता है और उनके पास कई कंपनियां हैं और वह उनकी कंपनी में कुछ राशि लगवा देंगे। इसके बाद प्रवीन अपने दोस्त अमित शर्मा वकील व अनिल त्यागी तथा विरेन्द्र मित्तल को लेकर जगमिंदर चौधरी से मिला तो उसने अनुराग भल्ला से उनकी मुलाकात कराई। भल्ला ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनका काम करवा देगा और इसके लिए उन्हें 25 लाख रुपये की राशि देनी होगी जोकि रिफंडेबल होगी। इस दौरान प्रवीन के पास 22 लाख का ही प्रबंध हो पाया। इसकी जानकारी उन्होंने जगमिंदर चौधरी और अनुराग भल्ला को दी तो उन्होंने यश डांग व अमृतपाल सिंह से मुलाकात करवाई। प्रवीन ने आरोपियों को फर्म से संबंधित 500 करोड़ रुपये की परियोजना रिपोर्ट भी दिखाई। 27 मार्च को आरोपियों ने उन्हें नोएडा बुलाया और यहां उन्होंने द सिल्वर सपून में 22 लाख रुपये ट्रांसफर करवाए। उन्होंने एक चेक भी दिया कि यदि उनका काम नहीं होता तो वह अपना पैसा निकलवा सकते हैं लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं कराया, उल्टा झूठा आश्वासन देते रहे। जब रुपये वापस लेने के लिए प्रवीन ने बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद रुपया वापस लेने की कई बार कोशिश की गई, लेकिन आरोपियों ने रकम लौटाने से मना कर दिया।

■ 22 लाख रुपये की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस, चेक बाउंस होने के बाद नहीं लौटाई राशि

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगे 2.96 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया केस दर्ज

साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर छछरौली निवासी आशीष कुमार से दो लाख 96 हजार रुपये ठग लिए। जब आशीष को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली निवासी आशीष कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गत 21 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया।

### क्लिक भेजकर चूना

जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। जिसमें शेयर मार्केट के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उससे बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे बताया कि शेयर मार्केट में निवेश करने पर अधिक लाभ कमाया जा सकता है। यदि वह शेयर मार्केट में निवेश करने का इच्छुक है तो वह निवेश करके अधिक मुनाफा कमा सकता है। वह आरोपियों की बातों में आ गया। इस दौरान उसने आरोपियों के कहने पर 21 सितंबर से 11 अक्टूबर के बीच में दो लाख 96 हजार रुपये कर दिए।

### प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए

उसके बाद उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए गए। जब उसने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने प्रॉफिट के पैसों के नाम पर और पैसे इन्वेस्ट करने का बात कही। तब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा स्व. लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह का जीवन: हरविन्द्र

हरिभूमि ▶▶ घरौंडा

स्व. लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह (वीर चक्र) को आज वॉर हीरोज मेमोरियल स्कूल बसताड़ा(घरौंडा) में आयोजित रस्म पगड़ी समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह का जीवन राष्ट्र व समाज सेवा को समर्पित रहा।

उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह का 31 अक्तूबर को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वे मूल रूप से सोनीपत जिला के गांव मोहाना के वासी थी। उन द्वारा बसताड़ा में वॉर हीरोज मेमोरियल स्कूल संचालित किया जा रहा है।

### लोगों ने दी श्रद्धांजलि

आज स्कूल परिसर में आयोजित रस्म पगड़ी समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, तेजवीर सिंह, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूना के आए कर्नल सोहन राय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजली दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि स्व लेफ्टिनेंट श्री सिंह ने जीवन भर राष्ट्र पहले तथा समाज को आगे रखते हुए कार्य किया। हमें कड़ी मेहनत, दृढ़ता और अनुशासन की सीख उनसे लेना चाहिए। उन्होंने सेना में ईमानदारी व निष्ठा से कर्त्तव्य का पालन किया। सेवानिवृति के बाद जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया।

## 21 से शुरू होगी शुगर मिल, किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

मरम्मत की वजह से मिल के संचालन में हो रही देरी, बकाया भुगतान का मुद्दा भी रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

भारतीय किसान यूनियन भगत सिंह के किसान नेताओं ने नारायणगढ़ शुगर मिल के प्रशासन से मुलाकात की। शुगर मिल को शुरू होने में देरी का कारण जानने की कोशिश की। किसान नेताओं ने मिल प्रशासन को शुगर मिल देरी से शुरू होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। शुगर मिल के देरी से चलने से किसान की गेहूं की बुवाई में देरी होगी और इसका खामियाजा आने वाले समय में किसानों को भुगतना पड़ेगा। गन्ने के लिए श्रमिक का खर्च भी किसानों को उठाना पड़ रहा, इससे किसानों पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। किसान नेताओं ने मिल प्रशासन से गन्ने के भुगतान की भी बात की, लेकिन इस पर किसान नाखुश नजर आए। यूनियन के विक्रम राणा ने बताया कि उन्होंने शुगर मिल प्रशासन के सामने अपने मांगे रखी हैं व मिल प्रशासन से आग्रह किया कि वह शुगर मिल 18 नवंबर से शुरू करें, पर मिल प्रशासन ने उनकी मांगों को खारिज कर दिया। शुगर मिल की तरफ प्रशासनिक अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि नारायणगढ़ शुगर मिल 21 नवंबर से शुरू हो जाएगी। देरी का कारण उन्होंने मिल की मरम्मत का कार्य पूरा न होना बताया।

## हंसी के रंग में डूबो गया नाटक पंचलाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक माह दूसरे शनिवार आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नवम्बर माह का दूसरा शनिवार कुरुक्षेत्र के कलाकारों के नाम रहा। जिसमें न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा विकास शर्मा के निर्देशन में फणीश्वर नाथ की कहानी पर आधारित हास्य नाटक पंचलाइट मंचित किया गया। विरसा विहार केंद्र के कालिदास सभागार में मंचित हुए नाटक पंचलाइट के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री प्राण सब्रवाल उपस्थित रहे। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक एम फुरकान खान तथा सचिव जगजीत भाटिया के दिशा-निर्देश में मंचित हुए नाटक पंचलाइट ने सभी का मन मोहा। विकास शर्मा के निर्देशन में फणीश्वरनाथ रेणु की बहुचर्चित कहानी पंचलाइट बिहार के गांव के भोले-भाले लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां गांव में बिजली न होने के कारण महतो टोली के लोग दण्ड और जुमार्ने के पैसे इकट्ठे करके पंचलाइट खरीद लेते हैं।



### कलाकारों ने बटोरी वाहवाही

शहर से पंचलाइट गांव में आती है तो खूब खुशियां मनाई जाती हैं। बाद में पता चलता है कि गांव के किसी भी व्यक्ति को पंचलाइट जलानी नहीं आती। टोला वाले पंचलाइट न जलाने के लिए एक दूसरे को कहते हैं, किंतु कोई भी पंचलाइट जलाने में सफल नहीं हो पाता। गांव का आवारा लड़का गोधन जो पढ़ा लिखा है तथा जिसे टेक्नोलॉजी का ज्ञान है, उसे पंचलाइट जलानी आती है। नाटक में डॉ राजीव कुमार, मनू महक माल्यान, निकेता शर्मा, शिवकुमार किरमच, चंचल शर्मा, कंचन यादव, विकास शर्मा, गौरव दीपक जांगड़ा, राजकुमारी, सुनैना, पार्थ शर्मा, साहिल खान, सूर्यांश चावला, निखिल पारचा, प्रियांशु बंसल, राजवीर राजू, चमन चौहान व देवीदत्त ने सहयोग दिया। अंत में विकास शर्मा ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक एम फुरकान खान तथा सचिव जगजीत भाटिया का आभार व्यक्त किया। मौके पर रंगकर्मी राजेश शर्मा, गोपाल, सुनील दत्त, जोगा उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित किसानों के बिजली बिल 6 माह के लिए स्थगित

लाडवा। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025 के मानसून के दौरान राज्य में आई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने हेतु एक विशेष योजना की घोषणा की। राज्य के सभी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 की अवधि के बिजली बिलों का भुगतान छह माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि जुलाई 2025 में जारी बिजली बिल जनवरी 2026 में देय होंगे। इसी प्रकार अगस्त 2025 के बिजली बिल फरवरी 2026 में और दिसंबर 2025 के बिल जून 2026 में देय होंगे। इससे 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।



### तात्कालिक राहत

*सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन द्वारा किसी भी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ता से विलम्ब अधिभार नहीं वसूला जाएगा तथा बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। बिजली निगमों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को तात्कालिक आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया, ताकि किसान अपनी कृषि गतिविधियों को पुनः आरंभ कर सकें।*

## जिले की सीमा स्थित बैराज पर विदेशी पक्षियों ने दी दस्तक

# हथनीकुंड पर पहुंचने लगे साईबेरिया,चीन और दक्षिण यूरोप के पक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा की सीमा पर स्थित हथनीकुंड बैराज पर सर्दी का मौसम शुरु होते ही सात समुंदर पार कर पहुंचे विदेशी पक्षियों की चहचहाट गूंजने से वातावरण मनमोहक बनने लगा है।

विदेशी पक्षियों में चीन, साइबेरिया व दक्षिणी युरोप समेत अन्य ठंडे देशों के पक्षी शामिल हैं। इन देशों में इन दिनों अधिक ठंड होती है। ठंड से बचने के लिए मैदानी इलाकों की झीलों में अपने दिन गुजारते हैं। हथनीकुंड बैराज समेत ताजेवाला व अराइयांवाला के नजदीक पिछले कई दिन से विदेशी पक्षियों के झूंड दिखाई देने लगे हैं। बैराज पर विदेशी पक्षियों की चहल कदमी और चहचहाट से नैशनल पार्क की शाल वैली का वातावरण मंत्रमुग्ध कर देने वाला बन गया है। वहीं, दुर्लभ पक्षियों को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र समेत साथ लगते राज्यों हिमाचल व यूपी और उत्तराखंड के लोग भी पहुंचने लगे हैं।

### दुर्लभ पक्षियों को देखने का मिलता है मौका

हथनीकुड बैराज पर पक्षियों को देखने के लिए पहुंचे क्षेत्रवासी कुलबीर सिंह, राजकुमार व सुखविंद्र आदि ने बताया कि वह हर वर्ष पक्षियों को देखने के लिए आते हैं। आस पास के क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि हर वर्ष उनके क्षेत्र में विदेशों से दुर्लभ प्रजाति के पक्षी पहुंचते हैं। जिनके उन्हें आसानी से दर्शन हो जाते हैं।

*सर्द मौसम शुरु होते ही विदेशी पक्षियों के बैराज पर शुरु हुई चहचहाट से वातवरण बनने लगा आनंमय*

विदेशी पक्षियों की चहल कदमी से वातावरण बना मनमोहक



यमुनानगर के हथनीकुंड बैराज में पानी में विचरते विदेशी पक्षी।

### इनकी दस्तक

*बैराज क्षेत्र के रामबीर सिंह, सुखबीर सिंह व कुलवंत सिंह ने बताया कि हथनीकुंड बैराज पर पहुंचने वाले पक्षियों में कामनक्रेन, किंगफिशर, पैटेंड, वुडसैंड, पाइपर, ग्रेलेगगूज, घनेर ,साइबेरियन सारस,धोबिन चिड़िया, मुर्गाबी व पिनटेल आदि शामिल हैं। इन पक्षियों को इन दिनों बैराज पर पानी में अठखेलियां करते देखा जा सकता है। इन पक्षियों की अठखेलियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। जीव जंतु वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये पक्षी अधिक ठंडे देशों से ठंड से बचने के लिए नवंबर व दिसंबर माह में गर्म देशों में आते हैं और सर्दी के कम होते ही मार्च अप्रैल तक वापस अपने देशों को अपने स्थान पर लौट जाते हैं।*

**खबर संक्षेप**



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 213 ने करवाई जांच

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा और सचिव डॉ. इरम हसन के मार्गदर्शन में, मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के सहयोग से गांव डाचर स्थित राजकीय स्कूल में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

शिविर सुबह 9:30 से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें 213 लोगों ने जांच करवाई। डॉक्टरों ने जनरल स्वास्थ्य, स्त्री रोग, दंत रोग, शुगर, उच्च रक्तचाप आदि की जांच की और ज़रूरतमंदों को निशुल्क दवाइयाँ वितरित कीं। संस्था के अध्यक्ष हरदीप राणा ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

## सर्व कर्मचारी संघ का जिला प्रतिनिधि सम्मेलन आज

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ (एसकेएस) का जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन 10 नवम्बर को राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12 में आयोजित होगा। संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने बताया कि सम्मेलन में जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि संघ ने कभी कर्मचारियों के हितों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि संघ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एचकेआरएन को भंग करने, एक्सग्रेशिया योजना की शर्तें हटाने, नई शिक्षा नीति, पॉवर बिल और रोड सेफ्टी एक्ट को रद्द करने की मांग कर रहा है।

## रॉयल ने काछवा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**करनाल।** लायंस क्लब करनाल रॉयल की ओर से गांव काछवा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता संजीव कुमार (क्लब अध्यक्ष) ने की, जबकि संचालन जसविंद्र सिंह (सचिव) ने किया। करीब 100 ग्रामीणों ने जांच करवाई। डॉक्टरों ने सुबह जल्दी उठने, योग व व्यायाम करने की सलाह दी। क्लब के सचिव ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर व स्कूलों में आंखों की जांच कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर मास्टर बिजेंद्र सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लघु सचिवालय सभागार में 'दिशा' की बैठक का आयोजन

# केंद्रीय मंत्री ने विकास परियोजनाओं में तेजी लाने को दिए दिशा-निर्देश

## बैठक में 11 विभागों की 22 योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लघु सचिवालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी लाना आवश्यक है। बैठक में 11 विभागों की 22 योजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल लक्ष्य पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधिक लोगों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि हर जरूरतमंद को अपना घर



मिल सके। मंत्री ने प्राकृतिक खेती, पीएम मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, वीटा बूथ योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम बताया।

उन्होंने बताया कि स्वनिधि योजना में ऋण सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, जबकि क्रेडिट कार्ड के तहत 30 हजार रुपये का रिवॉल्विंग फंड भी दिया जा रहा है। मनोहर लाल ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस मैराथन के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की, जिसमें 61 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में होने वाले मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। बैठक में विधायक रामकुमार कश्यप, भगवानदास कबीरपंथी, जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, महापौर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, उपायुक्त उत्तम सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## आगजनी से पराली नुकसान का विधानसभा अध्यक्ष ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को गांव बस्सी अकबरपुर में किसान पाला नंबरदार के खेतों का दौरा कर पराली में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नुकसान की रिपोर्ट जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। किसान पाला नंबरदार ने बताया कि लगभग 500 एकड़ धान की पराली की गांठें उन्होंने एकत्र कर रखी थीं, जो 7 नवम्बर की रात आग लगने से जल गईं। इससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ। किसान ने स्पीकर से मुआवजे की मांग की। स्पीकर कल्याण ने अधिकारियों को जल्द रिपोर्ट तैयार करने को कहा और भरोसा दिलाया कि इस तरह की घटनाओं में नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से नीति बनाने पर बातचीत की जाएगी। उन्होंने एसएचओ को जांच करने के निर्देश दिए कि यदि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, कृषि उपनिदेशक वजीर सिंह, नायब तहसीलदार अरविन्द यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जय नारायण नंबरदार की याद में लगाया गया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

■ शिविर में 35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

नगर पालिका के वरिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय जय नारायण नंबरदार की पुण्यतिथि पर रविवार को सैन धर्मशाला में रक्तदान शिविर का लगाया गया। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान का शुभारंभ शिक्षाविद सुरेंद्र कुमारी ने स्वर्गीय जयनारायण नमन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो न केवल किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाता है, बल्कि रक्तदाता को भी स्वस्थ बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोगों में यह भ्रांति होती है कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है, जबकि चिकित्सीय दृष्टि से रक्तदान शरीर के लिए लाभदायक होता है। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था एनएसओ सहयोग से लगाया गया। संस्था के सदस्यों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कैंप में पहुंचे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने बताया कि हर स्वस्थ व्यक्ति को तीन से चार महीने के अंतराल में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जो व्यक्ति को तरोताजा और ऊर्जावान बनाए रखता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रवीण सेन राजीव सेन, मुकेश शर्मा, सुशील कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षिका मिलन समारोह आयोजित

■ छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ शिक्षेतर गतिविधियां भी होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षिका मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मानविकी, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

प्राचार्या मीनू शर्मा ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया और बताया कि महाविद्यालय में यह समारोह प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें अभिभावकों और छात्राओं की समस्याएं पारदर्शिता के साथ सुनी और तुरंत हल की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ शिक्षेतर गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। अभिभावकों ने शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कॉलेज बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए जाना-पहचाना संस्थान है, जहां अभिभावक निश्चिंत होकर बेटियों को भेजते हैं। सभी शिक्षिकाएं बेटियों की समस्याओं के समाधान में संजीदगी से योगदान देती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्या डॉ. मंजू सिंह, संयोजिकाएं डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. संगीता गौरांग, संजना रहेजा और सभी प्राध्यापिकाओं ने योगदान दिया।

■ मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसका मन : साध्वी

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में साप्ताहिक सत्संग और भजन संकीर्तन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग और भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गुरुदेव आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी अनुपमा भारती ने प्रेरणादायी प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि "एकाग्रता का अर्थ केवल किसी कार्य में ध्यान लगाना नहीं, बल्कि अपने जीवन में 'एक' को 'अग्र' रखना है -वही एक जो हमारे जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है, वही ईश्वर है। साध्वी ने कहा कि



मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसका मन है, किंतु यही मन यदि भटक जाए तो व्यक्ति का मार्ग धुंधला पड़ जाता है। जैसे सूरज की बिखरी किरणें ताप नहीं देतीं, लेकिन जब वही किरणें एक बिंदु पर केंद्रित होती हैं तो उनमें आग जलाने की क्षमता आ जाती है। वैसे ही जब मनुष्य की चेतना एक दिशा में, एक लक्ष्य में, एक ईश्वर में केंद्रित हो जाती है, तब वह असंभव को भी संभव बना सकता है।

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में एकाग्रता का खो जाना ही तनाव और असंतोष का मूल कारण है। कार्यक्रम के अंत में साध्वी ने सभी को प्रेरित किया कि वे अध्ययन, साधना और सेवा में भी 'एक' को अग्र रखें, क्योंकि जो 'एक' को अग्र रखता है, वही सफलता के शिखर को स्पर्श करता है।

# राम मंदिर सेक्टर 8 में भोलेनाथ को पंचामृत स्नान, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राम मंदिर सेक्टर आठ में भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से पंचामृत स्नान करवाया गया। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं। मुख्य यजमान के रूप में वीरेंद्र आर्य, मंजू आर्य और राजेश कथूरिया ने शिरकत की।

भजनों की गंगा में संगीता बत्रा ने 'खा के धतूरा भांग के भोले बाबा नाच रहे' और सुशील मदान ने 'प्रेम निभाया मीरा ने और विष का प्याला पी डाला' जैसे भजन गाए। मंदिर प्रांगण भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। पंडित हरीश आचार्य और



अनिल द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजन करवाया। पंडित हरीश ने कहा कि शिव का नाम कल्याण है, वह हमेशा जन-जन का कल्याण ही करते हैं।

सायंकाल में सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर रविंद्र बत्रा, मुरारी बत्रा, अशोक मदान, वेद दुआ, सर्वेश, संतोष, नीरज कपूर, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, दिलीप गांधी और साई दास अरोड़ा आदि मौजूद रहे।



## रोहतक पीजीआई के कर्मचारियों ने दोहराई मांग, एचकेआरएन से जोड़ा जाए

**करनाल।** जिला सचिवालय के सामने धरनारत अनुबंध कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि रोहतक पीजीआई के 1271 कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) से जोड़ा जाए। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने 2021 में जो वादा किया था, उसे अब तक पूरा नहीं किया गया। अमित व देवेंद्र ने कहा कि जून से कर्मचारी हड़ताल पर हैं, परंतु सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। सितंबर में जब वे रोहतक से चंडीगढ़ पैदल मार्च कर रहे थे, तो उन्हें करनाल से आगे नहीं जाने दिया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान सचिन, मनोज, अशोक, मनीष व उर्मिला समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 193 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

देवी मंदिर इंद्री में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए 29वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज व सरकारी हस्पताल के डॉक्टरों की टीमों ने रक्त एकत्रित करने में सहयोग किया। इस अवसर पर 193 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति



इंद्री। रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक।

साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि दान किया गया रक्त कुछ ही दिनों में फिर से शरीर में बन जाता है। रक्तदान करने से आदमी खुद भी कई खतरनाक बीमारियों से अपना बचाव कर पाता है। उन्होंने कहा कि थैलीसिमिया एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज का रक्त बार बार बदलना पड़ता है।

**ये रहे मौजूद**

इस रक्तदान शिविर में गगन सिंगला, वैभव सिंगला, डा. सुरेश सैनी, रोहित जिंदल, राकेश गर्ग, विपिन लूथरा, हिमांशु भाटिया, हिमांशु जिंदल, नितिन गांधी, अमित सिंगला, नरेश गुप्ता,संजीव मलिक, चिराग मेहता, पुलकित वर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश डंग,विकास चोपड़ा, सतबीर चहल, श्रवण कुमार, रोहित बतरा, अविनाश सचदेवा व प्रदीप गोयल आदि मौजूद रहे।

# प्राइड फैशन टूर 2025 ने तय की फैशन की नई दिशा

**करनाल।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 ने 'द वन एंड ओनली' थीम के साथ देशभर में फैशन की नई दिशा तय करने की घोषणा की है। यह टूर फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से आयोजित हो रहा है, जो फैशन, संस्कृति और क्रिएटिविटी को एक मंच पर लाता है। टूर की शुरुआत गुरुग्राम से होगी, जहाँ फाल्गुनी-शेन पीकॉक अपने कलेक्शन पेश करेंगे। इस शो में शाहिद कपूर और तमन्ना भाटिया की मौजूदगी रहेगी। इसके बाद जयपुर में 'हाई ऑक्टेन कूचर' थीम पर अभिषेक पाटनी और नम्रता जोशीपुरा डिज़ाइन पेश करेंगे, जिसमें हरनाज संधू और रफ़्तार शामिल रहेंगे। फिनाले कोलकाता में होगा, जहाँ अनामिका खन्ना और ईशान खट्टर पारंपरिक क्राफ्ट और आधुनिक विज़न का संगम दिखाएंगे। पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि यह टूर भारतीय फैशन को नए युग में ले जाने का प्रतीक है, जबकि एफडीसीआई चेयरमैन सुनील सेठी ने इसे रचनात्मकता और संस्कृति के उत्सव के रूप में बताया।

**सम्मान** | भारत-जापान सहयोग से अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# डॉ. दलीप गोसाईं ने जलवायु-स्मार्ट तकनीकों से कार्बन संचयन बढ़ोतरी पर शोध प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महर्षि मार्कण्डेश्वर (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मुलाना–अम्बाला के कृषि संकाय एवं जैव-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारत-जापान द्विपक्षीय सहयोग के अंतर्गत 6–7 नवम्बर 2025 को 'कृषि योग्य भूमि में कार्बन संचयन को बढ़ावा देने वाली जलवायु-स्मार्ट कृषि प्रथाओं पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी' आयोजित की गई।

इस संगोष्ठी में भारत के साथ-साथ जापान, तुर्किये और फ्रांस के वैज्ञानिकों ने भाग लिया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। यह जानकारी प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. दलीप



**करनाल।** फ्रांस के सह–नोबेल पुरस्कार विजेता एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. आर्थर रीडैकर, डॉ. दलीप गोसाईं को उनके शोध पत्र प्रस्तुति पर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

गोसाईं, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान एवं डेयरी प्रशिक्षण केंद्र, आईसीएआर–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) करनाल द्वारा दी गई। मुख्य अतिथि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कृषि में ऐसी तकनीकें अपनाना जरूरी है जो भूमि में कार्बन की मात्रा बढ़ाने और मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक हों।

फ्रांस के सह–नोबेल पुरस्कार विजेता एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. आर्थर रीडैकर, जापान के डॉ. ताकुरो शिनानो, डॉ. जुन्टा यानाई (होक्काइडो यूनिवर्सिटी) तथा तुर्किये के डॉ. अरिफ हिकमत बागची ने जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, कार्बन संचयन और सतत कृषि प्रणालियों के वैश्विक पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने किसानों को जलवायु–स्मार्ट कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई**

डॉ. दलीप गोसाईं ने अपने शोध पत्र 'हरियाणा राज्य में जलवायु-स्मार्ट तकनीकों को अपनाने से कार्बन संचयन में वृद्धिः क्षेत्रीय प्रमाण' में हरियाणा के विभिन्न जिलों में अपनाई गई तकनीकों-जैसे शून्य जुताई, आवरण फसलें, फसल चक्र और जैविक खाद-से मिट्टी में कार्बन भंडारण में हुई वृद्धि के परिणाम प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में उन्होंने पोस्टर मूल्यांकन सत्र के चेयरपर्सन के रूप में भी योगदान दिया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। आमंत्रित वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट शोध कार्यों की सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हरीश कुमार शर्मा तथा कृषि संकाय के निदेशक डॉ. समर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समापन सत्र में डॉ. समर सिंह ने सभी प्रतिभागियों और वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

# भजनों के माध्यम से डिप्रेशन को दूर किया जा सकता है: मेयर रेनू वाला

■ एमबीकेसी क्लब ने किया 'एक शाम माता के नाम' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एमबीकेसी क्लब द्वारा शहर में 'एक शाम माता के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति और संगीत का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में कलाकारों ने माता रानी को समर्पित भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनकी मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के चेयरमैन संजय बठला और करनाल की मेयर रेनू वाला गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त संजय मदान और हरियाणा कर्मचारी



चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा शामिल हुए। मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कहा कि 'केरोके विधा' के माध्यम से सामान्य लोग भी संगीत की दुनिया में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भजनों का गायन न केवल मानसिक शांति देता है बल्कि डिप्रेशन और तनाव को दूर करने का प्रभावी माध्यम भी बन सकता है।

**ये रहे मौजूद**

इसके बाद अरविंदर सिंह, विनय छावड़ा, गीता छावड़ा, अवतार सिंह तारी, नरेश दत्त, शिखा दत्त, विजय शर्मा, योगिंदर सिसोदिया, अरुण थापर, रश्मि थापर, कंवल कुमार, राकेश तलवार, प्रदीप शर्मा, अंजलि शर्मा, अनूप, पूनम, किरन, मंजू, नेहा, सुनीज, जगमोहन, अनिरुद्ध कालड़ा, पुष्पा कालड़ा, रणजीत सिंह, राजेश, जरनैल सिंह आदि ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी : मनोहरलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं केंद्रीय ऊर्जा, आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जिला सचिवालय में आयोजित दिशा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन स्थिति ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार के पास बजट की कमी नहीं है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने कैबिनेट मंत्री को आश्वासन दिया कि विकास में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। अतिशीघ्र वे अधिकारियों के साथ मीटिंग करके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर और तेजी लाने का प्रयास करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने 20 विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में सरकार द्वारा संचालित की जारी योजनाओं का ब्यौरा लिया व निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर योजनाओं को लोगों तक पहुंचाए व उनके क्रियान्वयन पर ईमानदारी पूर्ण कार्य करें। उन्होंने विकास में तेजी लाने पर बल दिया। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि व्यायाम शालाएं लाइब्रेरी गांव में ही होनी चाहिए इनका सीधा संबंध युवाओं से व उनके भविष्य से है।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, दिशा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कृष्ण लाल पंवार के विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की

कैबिनेट मंत्री ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार के विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की। मंत्री पंवार ने उनके सामने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए जिनका अधिकारियों ने स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में वीटा बूथ को शराब के ठेके के साथ अलाट करने और सभी गांव में एक ही आधुनिक श्मशान घाट बनाने का सुझाव दिया। मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि अब केवल कागज़ी रिपोर्ट से काम नहीं चलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करें और लाभार्थियों तक योजनाओं का फायदा समयबद्ध ढंग से पहुंचाएं। "केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य सिर्फ फाइलों में आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि जनता को वास्तविक लाभ पहुंचाना है। यदि कहीं भी ढिलाई पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं, मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए हैं, अब जिम्मेदारी अधिकारियों की है कि वे समय पर नतीजे दें। "हर योजना के पीछे जनता की उम्मीदें जुड़ी हैं। सरकार के पास वक्त बर्बाद करने की गुंजाइश नहीं है। नतीजे चाहिए, बहाने नहीं। बैठक में मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पानीपत से विधायक प्रमोद विज, समालखा से विधायक मनमोहन भढ़ाना, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पसीना के मयंक का स्प्रीली में चयन

**पानीपत।** पानीपत के गांव पसीना निवासी मयंक का पानीपत स्ट्रीट प्रीमियम लीग में चयन हुआ है। मयंक ने अपनी प्रतिभा व मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। मयंक बचपन से ही खेल के प्रति समर्पित व अनुशासन में रह कर मेहनत करता आ रहा है। इधर, मयंक की इस उपलब्धि पर गांव पसीना निवासी बहुत खुश है।

### सुबह उठते ही भगवान का शुक्रिया करो

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 ब्रह्माकुमारी सेंटर द्वारा छोटू राम पार्क में बच्चों की रिट्रीट का प्रोग्राम रखा गया। प्रोग्राम में बच्चों को नए नए प्रकार की शारीरिक गेम खिलाए गए। सभी छोटे बड़े बच्चों ने खेल में हिस्सा लिया। सेक्टर 25 सेंटर की संचालिका बीके अंजना बहन ने बच्चों को नैतिक शिक्षा देते हुए कहा की हमें खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर ध्यान देना भी बहुत आवश्यक है। पढ़ाई जो हमारे भविष्य को उज्ज्वल बनाता है और खेल जो हमारे शरीर को ठीक रखता है। हमें सुबह उठते ही उस भगवान का शुक्रिया करना है, जिसने हमें इतना सब कुछ दिया है।

### एवी स्कूल में आर्य सभा ने सत्संग किया

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित एवी स्कूल में वेद मंदिर का साप्ताहिक सत्संग हुआ। जिसमें ब्रह्मा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक से पधारे पंडित रामनिवास आर्य, दिलीप नीतू, रामचंद्र गाल्याण, मंत्राणी मधु शास्त्री, ममता, पुष्पा, सतेंद्र, पूनम शर्मा, किरण, निशा डुमरा, नीतू चौधरी, मोनी, राहुल आर्य, राजेंद्र सिंह शास्त्री, निशांत, प्रकाश, पिंकी, दुर्गा, उर्मिला भास्कर, प्रकाश, प्रधाना बलजीता यादव, प्रत्यूष, रौनक, ओम, नितिन, जतिन, हिमांशु, प्रियांशु, सलोनी, पिंकी, सुहानी, बंटी, अक्षित, पलक, अराधना सुबोध त्यागी, सुशील चौधरी, वीरेंद्र सचदेवा भाग लिया।

### भाकपा 26 नवंबर को प्रदर्शन करेगी

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक स्वतंत्रता सेनानी का.टीका राम सखुन सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौंसिल की मीटिंग हुई। बैठक में का.सेवा सिंह मलिक, भाकपा के जिला सचिव पवन सैनी, का.राम रतन, का.सनोवर राणा, का. जय भगवान सैनी, शीश राम तोमर, जयपाल टिटाना, सुल्तान सिंह, भुपेंद्र कश्यप, रूपेश सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं जनहित में भाकपा छब्बीस नवंबर को प्रदर्शन करेगी।

### वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**पानीपत।** सत्यम महावीर सेवा दल संस्था तहसील कैंप द्वारा मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, रमण रेती व गोकुल के लिए श्रद्धालुओं को रवाना किया। इस अवसर संस्था के प्रधान राकेश कक्कड़, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, सतीश शर्मा, दीपू महाराज, नवीन मदान, मुकेश अरोड़ा, सन्नी बोगरा, टोनी कक्कड़, नरेश मेहता, रामलाल भाटिया, बलदेव अरोड़ा हनुमान, राजेंद्र चराया, कविता, सुमन, अंजना, संजना, पिंकी, गीतु, मंजू, मोनिका, ललिता, ज्योति, रेनु, महेश जुनेजा, कपिल मदान व लवली नारंग आदि उपस्थित रहे।

### कातिलाना हमले के दूसरे आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मतलौडा में बारबर शॉप संचालक राहुल पर गोली चला जानलेवा हमला करने मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी गांव मतलौडा निवासी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सुमित ने बताया कि पुलिस ने आरोपी विकास कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया।

### रग्बी लीग पानीपत में होगी

**पानीपत।** रग्बी इंडिया के निर्देशानुसार पानीपत रग्बी संघ द्वारा खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग का आयोजन 14 नवंबर को उग्राखेड़ी स्टेडियम पानीपत में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लड़कियों की अंडर 11, अंडर 15, अंडर 18 और सीनियर वर्ग की टीमें हिस्सा लेगी। उपरोक्त जानकारी पानीपत रग्बी संघ की अध्यक्ष बबीता सिंह ने दी।

## युवा महोत्सव में लगभग तीन सौ कॉलेजों के दो हजार विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई

# आर्य पीजी कॉलेज ने इंटर जोनल युवा महोत्सव में विजय का जश्न मनाया




पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ जगदीश गुप्ता ट्राफी ग्रहण करते हुए तथा युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के 46वें इंटर जोनल युवा महोत्सव में जहां आर्य कॉलेज प्रथम रहा। वहीं इस युवा महोत्सव में लगभग तीन सौ कॉलेजों के दो हजार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इधर, युवा महोत्सव में आयोजित कोरियोग्राफी में आर्य पीजी कॉलेज,पानीपत प्रथम, एस.डी.पीजी कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय व एस.डी. पीजी कॉलेज अंबाला कैंट ने तृतीय रहे। पॉप सोंग हरियाणवी में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस द्वितीय स्थान पर व गुरू नानक खालसा कॉलेज, करनाल ने तृतीय रहे। माइम आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, एस.डी.पीजी कॉलेज अंबाला कैंट ने द्वितीय व कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने तृतीय रहे। इंडियन ऑर्केस्ट्रा में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने द्वितीय व एस.डी.पीजी कॉलेज अंबाला कैंट तृतीय रहे। सोलो डांस महिला में गुरू नानक गर्ल्ज कॉलेज, यमुनानगर प्रथम, आर.के. एस. डी कॉलेज, कैथल ने द्वितीय, एस.डी. पीजी कॉलेज, पानीपत ने तृतीय रहे। लूर हरियाणवी डांस में व एस.डी पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय व कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने तृतीय रहे। फॉक सोंग जनरल में गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल प्रथम, आर्य पी जी कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय व कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने तृतीय रहे। फॉक सोंग हरियाणवी में एस.डी. पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज, मुलाना ने द्वितीय व आर के एसडी कॉलेज, कैथल ने तृतीय रहे। फॉक इंस्ट्रमेंटल सोलो में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने द्वितीय व गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल तृतीय रहे। ऑन स्पोट पेंटिग में बुद्धा कॉलेज ऑफ हाइयर एजुकेशन, करनाल प्रथम, आर्य कन्या महाविद्यालय,शाहबाद ने द्वितीय व कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग में एस.डी.पीजी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम, कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने द्वितीय व आर्य कन्या कॉलेज, शाहबाद ने तृतीय रहे।

### प्रतियोगिता के परिणाम

*रंगोली में राजकीय कॉलेज, पंचकूला प्रथम, राजकीय महिला कॉलेज, पलवल (कुरुक्षेत्र) ने द्वितीय व संयुक्त रूप से राजकीय महाविद्यालय, अंबाला केंट व आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत ने तृतीय रहे। प्रश्नोतरी में एसडी पीजी कॉलेज, अंबाला कैंट प्रथम, एसडी पीजी कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय स्थान व कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने तृतीय स्थान हासिल किया व संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय व बुद्धा कॉलेज ऑफ हाइयर एजुकेशन, करनाल ने तृतीय रहे। रसिया ग्रुप डांस में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, कुरूक्षेत्र युनिवर्सिटी कैंपस ने द्वितीय व एसडी पीजी कॉलेज , पानीपत तृतीय रहे। क्लासिकल डांस सोलो में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम स्थान, एसडी पीजी कॉलेज, पानीपत द्वितीय रहे। रिचुअल में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम, हरियाणवी हिंदी स्किट में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत प्रथम स्थान, डीएवी पीजी कॉलेज, करनाल ने द्वितीय स्थान व एसडी कॉलेज, अंबाला कैंट तृतीय रहे।*

# रस्सी बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगी

## पांच महिला श्रमिक झुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत की जाटल रोड के न्यू माडल टाउन क्षेत्र में स्थित जूट से रस्सी बनाने वाली एन्वे रग्स नामक फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गई। वहीं, आग लगते देख कारखाने में काम कर रही लेबर बाहर निकल आई और घटना की सूचना दमकल केंद्र व पुलिस को दी। जल्द ही पुलिस व दमकल की टीमें मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग को काबू करने का काम शुरू किया। वहीं फैक्ट्री में लगी आग की चपेट में आने से सुमन, सुनीता, गंगा, मधु, पुष्पा नामक महिला श्रमिकों के हाथ व पैर झुलस गए। ये महिला श्रमिक पीपल वाली गली क्षेत्र की निवासी है। घायल महिला श्रमिकों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इन की हालत स्थित बनी हुई है। इधर, फैक्ट्री के मालिक सुशील शर्मा ने बताया कि रविवार को कम संख्या में श्रमिक काम के लिए फैक्ट्री में आए थे। वहीं, आग की चपेट में आने से झुलसी महिला श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दूसरी ओर, देर शाम तक दमकल कर्मियों ने आग को काबू कर लिया था। वहीं फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का पता नहीं चला। दमकल अधिकारी फैक्ट्री में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच कर रहे है।

### बैंकिंग जानकारी सांझा न करें

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवाईसी अपडेट करने के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहें। साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरिके अपनाकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। साइबर ठग अब केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। वहीं, ठगी का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें और वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं।


पानीपत। अरमान फैक्ट्री से उठता धुंआ। फोटो : हरिभूमि

# पानीपत में कपड़ा फैक्ट्री में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- दमकल अधिकारी फैक्ट्री में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच कर रहे

पानीपत की बरसत रोड के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अरमान फैक्ट्री में रविवार की अचानक आग लग गई। आग लग गई। इस दौरान फैक्ट्री में कपड़े की बुनाई चल रही थी। वहीं, पल भर में फैक्ट्री में आग की लपटों और धुएं का गुबार उठने लगा। फैक्ट्री कर्मचारी कारखाने से बाह आ गए। फैक्ट्री कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने जहां आग को काबू करने के प्रयास शुरू किए, वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर खडे लोगों को हटाया। दूसरी ओर, फैक्ट्री कर्मचारियों ने आगे के परिसर में रखे तैयार माल को बाहर निकाला, ताकि आग इस माल को अपनी चपेट में ना ले सके। जबकि पुलिस ने आग फैलने की आशंका के मद्देनजर अरमान फैक्ट्री से लगते कारखानों को खाली करवाया। इधर, देर शाम दमकल ने आग को काबू कर लिया। वहीं फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का पता नहीं चला। दमकल अधिकारी फैक्ट्री में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच कर रहे है।

# हरियाणा लेक्रोस चैंपियन बने जींद व हिसार

## पानीपत में हुई लेक्रोस चैंपियनशिप के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- 14 जिलों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया

पानीपत के गांव भंडारी में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीसरी हरियाणा राज्यस्तरीय सीनियर लेक्रोस (महिला एवं पुरुष) चैंपियनशिप के महिला वर्ग में जींद व पुरूष वर्ग में हिसार चैंपियन बनें। वहीं, दो दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में हरियाणा के 14 जिलों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्मरणीय है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन लेक्रॉस संघ पानीपत एवं लेक्रॉस संघ हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इधर, लेक्रॉस संघ हरियाणा के महासचिव राजेश टूरण ने बताया कि महिला वर्ग के फ़ाइनल में जींद ने सिरसा को 19-13 से हराकर चैंपियन ट्रॉफी जीती। रोहतक और पानीपत ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पर रहे। जबकि पुरुष वर्ग में हिसार ने जींद को 20-10 से पराजित कर चैंपियन ट्रॉफी जीती। वहीं, रोहतक और वारिस सिरसा की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इधर, विजेताओं को मुख्य अतिथि कमल सैनी चेयरमैन ऑल इंडिया स्पोर्ट्स, सरपंच गांव भंडारी सुरेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ नरेंद्र मोर, दिनेश बैरागी, रामपाल पहलवान अहर, बलराम मायना, जीत बैरागी, कमल सैनी, मोहित शर्मा, सचिन जोली, सनी स्पोर्ट्स ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेश भोला, पवन धामा, रामरतन धामा, शुगन सिंह शर्मा, मोहित शर्मा, संदीप, सोमनाथ सैनी रेफरी बोर्ड चेयरमैन, सोनू, राहुल, राजपाल, विष्णु, दीपेश, अमन, मोनू समेत बडी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


पानीपत। हरियाणा लेक्रोस महिला व पुरुष चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### निर्धन परिवार की कन्या का विवाह करवाया

**पानीपत।** जन सेवा दल के सौजन्य से उनके कार्यालय में आयोजित सादगीपूर्ण समारोह में निर्धन बेटी पुष्पा पुत्री नारायण दास निवासी फ्लोरा चौक सेक्टर 29, पानीपत का विवाह युवक विक्रम देहराज पुत्र सतपाल सिंह, निवासी गांव डाहर पानीपत के साथ दोनों परिवार की सहमति व मौजूदगी में विधि विधान से करवाया गया। वहीं, बरातियों का स्वागत कर उन्हें भोजन करवाया गया। इधर, जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी के अनुसार लावा मंगल के बाद प्रधान कृष्ण मनचंदा, श्री ब्रह्मऋषि धर्म प्रचारक, युधिष्ठिर शर्मा व किशोर गोस्वामी ने नव युगल पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। डोली के समय जरूरत के अनुसार दूल्हा दुल्हन को घर बसाने हेतु जरूरी समान भेंट किया गया। विवाह समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, जेपी गुप्ता, सुनील मित्तल, केसी सैनी, पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापत, राजपाल, नीता सरपंच महमदपुर, संदीप बेनीवाल, ज्योति भाटिया, ओम प्रकाश सिंधवानी, लेखराज जताना, श्याम सुंदर शर्मा, शाम लाल खूंगर, ओमप्रकाश, राजपाल, पवन बत्रा, अशोक अरोड़ा, कमल गुलाटी, राजू कथूरिया, कपिल ग्रोवर, डॉ.सुभाष, सूरज भान फौजी, यश बांगा, नारायण कपूर, प्रेम खुराना आदि सेवकों ने बारातियों की सेवा व समारोह व्यवस्था में पूरा सहयोग किया।


पानीपत। जन सेवा दल के कार्यालय में वर व वधु को आशीर्वाद देते हुए गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### अक्षय ने गोल्ड मेडल जीता

**पानीपत।** हरियाणा स्टेट यूथ ब्वायज बाक्सिंग में पानीपत से अक्षय सैनी ने यूथ अंडर 19 बाक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता है। अक्षय सैनी ने चरखी दादरी के राहुल को हराकर गोल्ड मेडल जीत कर पानीपत का नाम रोशन किया है। अक्षय के पानीपत पहुंचने पर राधेश्याम सैनी, अशोक कैलाशी, सतीश, गोविंद, कुलदीप आदि ने स्वागत किया। अक्षय ने अपनी सफलता का श्रेय कोच सुनील कुमार व स्वतंत्र कुमार को दिया है।

### छात्राओं ने कानूनी ज्ञान लिया

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना स्थित राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। वहीं, थाना इसराना में नियुक्त एएसआई सीनू कुंडू ने छात्राओं को बेहतर तरीके से शिक्षित होने, कानून की पालना करने, अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुषमा, प्रधानाचार्य डॉ. हरिओम ने भी छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया।

### कविता पाठ किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की टैगोर सोसायटी के तत्वावधान में कवि जॉन कीट्स की जयंती पर कविता पाठ कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व उप प्राचार्य डॉ.किरण मदान का विभागाध्यक्षा एवं टैगोर सोसाइटी की संयोजिका डॉ.नीलम, प्रो. रेशु प्रो.राहुल डॉ.निधि, डॉ.नेहा रेखा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने को आगे आए नारी शक्ति : भट्ट



**पानीपत।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को भाजपा कार्यालय श्याम कमल में जिला स्तरीय भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अपने अनुभव और विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की व मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत महापौर कोमल सैनी रही और साथ में कार्यक्रम कि संयोजक मीना रानी व महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा शर्मा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष्र दुष्यन्त भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश का हर नागरिक भारत को एक आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनते देखना चाहता है। वहीं, स्वदेशी आत्मनिर्भरता का आधार है जब तक सभी लोग स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करके विदेशी मुद्रा को बचाने का काम तेजी से नहीं करेंगे तब तक भारत आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। इसके मद्देनजर देश के हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल अधिक से अधिक करना चाहिए। देश को एक सूत्र में बांधने और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत बनाने के लिए वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुलामी के अंधकार में लिखा गया वंदे मातरम गीत जाग्रति का एक ऐसा प्रभात गीत बन गया जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ जुड़कर राष्ट्र जागरण का प्रथम मंत्र बन गया।

### रोहित ने कजाकिस्तान में जीता कांस्य



**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखु निवासी रोहित मलिक ने कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित पैरा जूडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत, हरियाणा, पानीपत व अपने गांव बुआना लाखु का नाम रोशन किया है। वहीं, रोहित मलिक भारतीय पैरा दल के 12 सदस्यों में से एक थे, जो इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे है। रोहित मलिक ने 78 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया और देश के लिए कांस्य पदक जीता। यह पहली बार नहीं है जब रोहित मलिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता हो। इससे पहले, उन्होंने सन 2019 में इंग्लैंड में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स पैरा जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इधर, दादा लाखु स्पोर्ट्स और सोशल संगठन के प्रधान प्रदीप मलिक ने रोहित मलिक को बधाई संदेश भेजा है। गांव के सरपंच मोहित मलिक ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया जायेगा। प्रवीण, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में आगामी 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है ।

### 30 तक खरीद सकते हैं यंत्र

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि कृषि यंत्रों के ड्रॉ मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार जिन किसानों का चयन पहले ड्रॉ में किया जा चुका है। उनका नाम इस ड्रॉ में शामिल नहीं किया जाएगा जिनका चयन पहले ड्रॉ में किया जा चुका है। वे किसान जो किसी कारण वश कृषि यंत्र नहीं खरीद पाए थे वे किसान भी 30 नवंबर 2025 तक अपने कृषि यंत्र खरीद सकते हैं। कृषि यंत्र 30 नवंबर 2025 तक खरीदने होंगे।

### विधायक ने सुनीं लागों की समस्याएं

**शहजादपुर।** कांग्रेस विधायक शैली चौधरी द्वारा जनसमस्याओं की सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। विधायक शैली चौधरी ने सभी मामलों पर गंभीरता से सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिन मुद्दों का समाधान मौके पर संभव था उन्हें तुरंत दुरुस्त कराया गया।

### बास्केटबॉल पुरुष वर्ग टीम की ट्रायल कल

**जींद।** हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल (सीनियर वर्ग पुरूष) चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 11 नवंबर को सुबह 11 बजे छोटू राम किसान कॉलेज जींद में ली जाएगी।एसोसिएशन के प्रधान डा. राजपाल ढांडा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 15 नवंबर से 17 नवंबर तक 57वीं हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप जो भीम स्टेडियम भिवानी में आयोजित की जा रही है में भाग लेंगे।

### दुकान का ताला तोड़कर मोटर-अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव कर्मगढ़ में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर चार सबमर्सिबल मोटर, स्क्रैप समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरगढ़ निवासी रामरूप ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर चार मोटर, तांबा की स्क्रैप व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### बाड़े से तीन भैंस और कटड़ी चोरी

**जींद।** गांव पडाना में बीती रात चोरों ने पशुबाडों से चार भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पडाना निवासी करतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके तथा पडोसी धर्मपाल के पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया।

---

**लटक सकती है कार्रवाई:** मुख्य सचिव व राज्य चुनाव आयुक्त को भेजी शिकायत

# निगम की वार्डबंदी कमेटी पर मेयर व डीसी में टकराव

**मेयर ने समिति के गठन पर जताई गंभीर आपत्ति, कहा यह दबाव या प्रभाव में लिया गया निर्णय**

*मेयर शैलजा सचदेवा ने अपने पत्र में कहा कि समिति का गठन हरियाणा नगर निगम वार्ड परिसीमन नियम, 1994 के अनुरूप नहीं किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए वार्डबंदी समिति के गठन को लेकर मेयर शैलजा संदीप सचदेवा और डीसी अजय सिंह तोमर में टकराव हो गया। मेयर ने समिति के गठन पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे "दबाव या प्रभाव" में लिया गया निर्णय बताया है। उन्होंने मुख्य सचिव और राज्य चुनाव आयुक्त को लिखित शिकायत भेजकर समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। डीसी अजय सिंह तोमर ने नगर निगम आयुक्त सहित सात सदस्यों की वार्डबंदी समिति का गठन किया था। इसके बाद 3 नवंबर को समिति की पहली बैठक बुलाई गई थी।

डीसी ने संयुक्त आयुक्त और नोडल अधिकारी को निर्देश दिए थे कि सभी सदस्यों को नोटिस की प्रतिलिपि भेजी जाए और मौजूदा सीमाओं व प्रस्तावित नक्शों को समिति के समक्ष रखा जाए। लेकिन बैठक से पहले ही मेयर शैलजा सचदेवा ने इस समिति से दूरी बना ली और डीसी को पत्र भेजकर बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। मेयर शैलजा सचदेवा ने अपने पत्र में कहा कि समिति का गठन हरियाणा नगर निगम वार्ड परिसीमन नियम, 1994 के अनुरूप नहीं किया गया है। उन्होंने आपत्ति जताई कि समिति में मौजूदा या निर्वाचित सदस्यों को शामिल किया जा सकता था लेकिन इसके बजाय बाहरी सदस्यों को जोड़ा गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। मेयर ने अपनी शिकायत के साथ नियमों की प्रति भी संलग्न की है और कहा कि समिति दबाव या प्रभाव में काम कर रही है, जो निष्पक्ष परिसीमन प्रक्रिया में बाधा डाल सकती है। मेयर ने स्पष्ट किया कि जब तक समिति का औपचारिक नोटिफिकेशन विधि अनुसार जारी नहीं होगा, वह किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लेंगी। उन्होंने कहा कि वार्डबंदी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरा किया जाना चाहिए ताकि आगामी नगर निगम चुनावों पर किसी तरह का संदेह न रहे। विवाद पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि वे इस विषय में जांच कर जानकारी दे सकते हैं। हालांकि उन्होंने समिति के गठन या उस पर लगे आरोपों पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया।


अंबाला। नगर निगम का बाहरी दृश्य।

#### कांग्रेसी सदस्य को भी किया जाए शामिल

अंबाला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग को ई-मेल के जरिए पत्र भेजा है कि वार्डबंदी समिति में कांग्रेसी सदस्य को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। वार्डबंदी समिति में उपायुक्त, आयुक्त या उनके प्रतिनिधि, मेयर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रतिनिधि और पांच मौजूद पार्षद होने जरूरी हैं। समिति में किसी विपक्षी सदस्य को जगह नहीं दी गई है।

#### निगम के असतित्व पर सवाल

सवा 5 वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2020 को अंबाला शहर नगर निगम के लिए कुल वार्डो की संख्या 20 निर्धारित की गई थी। तब राज्य सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के में अंबाला शहर नगर निगम की कुल जनसंख्या 3 लाख 3 हजार 850 बताई गई थी। पिछले पांच वर्षों में अंबाला शहर नगर निगम में से किसी भी शहरी क्षेत्र को बाहर नहीं किया गया है। एक तरफ हाल ही में नगर निगम के अगले आम चुनाव की वार्डबंदी के लिए एडहॉक कमेटी बनाई गई है जिसकी संरचना पर मेयर शैलजा सचदेवा द्वारा सवाल उठाया जा रहा है परंतु इस बीच नगर निगम की आबादी का आंकड़ा तीन लाख से नीचे आ गया। अंबाला शहर नगर निगम की जनसंख्या का आंकड़ा तीन लाख से कम होने की वजह से अब इसके कानूनी अस्तित्व पर आंच आ रही है। जनसंख्या के ताजा आंकड़े में 15 हजार की आबादी ओर कम बताया जा रही है।

---

**सेवा ट्रस्ट यूके की ओर से केसरी गांव में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन**

# समाजसेवी रोहन की पुण्यतिथि पर 36 लोगों ने किया रक्तदान


बराड़ा। रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

- रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह शरीर और मन दोनों के लिए लाभदायक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में स्वर्गीय रोहन मित्तल की दूसरी पुण्यतिथि पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने की, जबकि शामिंदर सिंह गरचा (इंग्लैंड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गरचा ने स्व. रोहन मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा लगाए जा रहे रक्तदान शिविर मानवता की सच्ची सेवा हैं। रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह शरीर और मन दोनों के लिए लाभदायक है। रक्तदान से हृदय की कार्यक्षमता में सुधार, वजन नियंत्रण और हृदय रोगों का खतरा कम होता है। शिविर में 48 रक्तदाताओं ने पंजीकरण करवाया जिनमें से 36 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इनमें आयुषी मित्तल, विकास मित्तल, मुस्कान मित्तल, क्षितिज मित्तल, अंकित सिंगला और राकेश सिंगला ने पहली बार रक्तदान किया जबकि पवन मित्तल ने 33वीं बार रक्तदान कर प्रेरणास्रोत उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को जूस वितरित किया गया।

#### ये रहे मौजूद

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जोगा सिंह बिसला (इंग्लैंड), बाबा सिंह बिसला (इंग्लैंड), दिलबाग सिंह बागी, रणजीत सिंह कंडोला, जीत सिंह दोसांझ, विवेक शर्मा, रिंपल चौहान, बलजिंदर कुमार, गुरमीत पुनिया, वागीश शर्मा, पवन मित्तल, राज कुमार पुंडरी, रवींद्र मास्टर, योगेश गर्ग, आदित्य जैन, डॉ. कुलदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता, महेश वासन, सुरेंद्र मित्तल, जसबीर राणा, गंगाधर व नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

---

# पुलिस कस्टडी से आरोपी फरार, चोरी की एक्टिवा के साथ किया था काबू

- आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, लापरवाही जांध अधिकारी के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर थाने की पुलिस कस्टडी से एक चोरी का आरोपी फरार हो गया है। पुलिस ने चोरीशुदा एक्टिवा बेचने के मामले में अंबाला शहर की पुरानी घास मंडी एरिया के रहने वाले कन्हैया उर्फ ननकू को 7 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया था। शनिवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस को एक दिन का रिमांड मिला था। इसी रिमांड अवधि के दौरान आरोपी शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि के बीच, यानी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच, पुलिस हवालात से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी को थाने के हवालात में रखा गया था। रात के दौरान उसने मौका पाकर पुलिस की आंखों में धूल झोंक दी और फरार हो गया।

#### निगरानी में चूक का आरोपी ने उठाया फायदा

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि "आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस थाने जैसी सुरक्षित जगह से किसी आरोपी का भाग जाना सीधे-सीधे ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है। रात के समय गश्त और निगरानी में चूक हुई जिसके चलते आरोपी ने मौके का फायदा उठाया। यह कोई पहला मामला नहीं है जब अंबाला में कोई आरोपी पुलिस की गिरफ्त से भागा हो। इससे पहले अंबाला सेंट्रल जेल से भी एक बंदी फरार हो चुका है, जिसे अब तक पुलिस नहीं पकड़ पाई है। अब थाने से आरोपी के भागने की यह घटना जिले में पुलिस की साख पर बड़ा दाग साबित हो रही है। पुलिस की छवि पहले से ही अपराध नियंत्रण को लेकर सवालों में रही है, और अब थाने से आरोपी के भागने की यह घटना विभाग के लिए गंभीर चुनौती बन गई है।

---

# एजेंट के जाल में फंसे दो युवा रूस से डिपोर्ट

**मंत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी के दो युवाओं को अवैध तरीके से रूस भेजने वाले दो एजेंटों के खिलाफ मंत्री अनिल विज ने कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विज रविार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले युवा ने बताया कि गांव पंजोखरा साहिब व दयालबाग के एजेंट ने उसे जॉर्जिया भेजने का झांसा दिया था। पांच लाख रुपए उससे मांगे गए। उसने पांच लाख रुपए एजेंटों को दिए, मगर उसे जॉर्जिया भेजने के बजाए उसे मक्का भेज दिया गया। जब उसने एजेंट से बात की तो उसे अवैध तरीके से टूरिस्ट वीजा पर जार्जिया से रूस भेज दिया गया। वहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया जिसके बाद उसे दो माह जेल में रखा गया। अब उसे हिंदुस्तान डिपोर्ट कर दिया गया। उसका आरोप था कि लगभग साढ़े 8 लाख रुपए एजेंट ने उसके साथ ठगी की है। इसी प्रकार अन्य शिकायतकर्ता ने दोनों एजेंटों पर उसे अवैध तरीके से उसे रूस भेज ठगी के आरोप लगाए।



#### युवक ने नौ लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया

युवक ने शिकायत में कहा कि उसे रूस भेजा गया था मगर वहां उसे वर्क परमिट नहीं मिला। उसने एजेंट से फोन पर बात की तो उसे धमकाया गया। इसके बाद रूस की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अब उसे हिंदुस्तान डिपोर्ट कर दिया। युवक ने नौ लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। दोनों मामलों में मंत्री ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री के समक्ष अन्य मामलों में भी कई शिकायतें आई जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी पालम विहार के व्यक्ति ने घर में चोरी के मामले में महेशनगर थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने की शिकायत दी।

---

# कैथल जिले के गांव फरल से 10 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से हुई मौत

- जीवन की आस में 6 घंटे मिट्टी में दबा कर रखा
- शेड में करंट आने बच्चा करंट की चपेट में आ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव फरल के एक 10 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार निर्भय राणा पुत्र अजय राणा शनिवार की सुबह घर में बने शेड के नीचे खड़ी ट्रॉली पर खेल रहा था। शेड में करंट आने बच्चा करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से अचेत निर्भय को इलाज के लिए पूंडरी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

#### प्रार्थना भी काम नहीं आई

लेकिन ग्रामीणों व कुछ जानकारों ने निर्भय के शरीर को लगभग 6 घंटे मिट्टी में इस आस में दबा कर रखा कि कोई चमत्कार हो जाए और बच्चा जीवित हो जाए। जहां बच्चे के शरीर को मिट्टी में दबाया हुआ था वहां पर ग्रामीणों की सैकड़ों भीड़ एकत्र हो गई। लोगों व परिजनों की प्रार्थना भी काम नहीं आई। बता दें कि निर्भय अपनी माता पिता की इकलौती संतान थी। कई घंटे बाद जीवित न होने के चलते निर्भय के मृत शरीर से मिट्टी हटाकर गांव फरल में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का विलाप देखा नहीं जा रहा है। पूरे गांव में शोक लहर दौड़ गई।

---

# धूमधाम से मनाया शिरोमणि नामदेव महाराज का प्रकाशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

संत नामदेव समाज ने संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज का 755 वां प्रकाश उत्सव भारत माता मंदिर में हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव से मनाया । आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संत नामदेव समाज द्वारा हर साल यह प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

इस अवसर पर हवन यज्ञ और कीर्तन का आयोजन किया गया । मास्टर सुशील स्यान ने संगत को बताया संत नामदेव ने 72 बार प्रभु के दर्शन किए । नामदेव भक्ति लहर के प्रमुख संत रहे हैं। इनकी वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी उपस्थित हैं। इन्होंने अपने जीवन में उंच नीच के भेद भाव को मिटा कर संदेश दिया की प्रभु के लिए सब मानव एक होते हैं। मौके पर खीर का प्रसाद वितरण भी किया गया।


मुलाना। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर श्याम लाल, राम लाल, रूप लाल , अशोक , सतीश, मोहन खारपा , प्रेम श्यान, प्रवीन ,राम पाल ,अनुज श्यान ,विक्की, प्रमोद,नवनीत श्यान ,जतिन श्यान, शुभम श्यान , संदीप, अरूण सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

# पैक्स में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के वार्ड नंबर 4 में स्थित पैक्स में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर भरने से पैक्स में आने वाले उपभोक्ताओं व कर्मचारियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि साथ लगते जोहड़ का पानी अवर फ्लो होकर हर समय पैक्स के प्रांगण में भरा रहता है।बता दें कि यहां पैक्स में किसान खाद बीज आदि लेने के लिए आते हैं। लेकिन चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इतना ही नहीं यहां की गली भी पूरी तरह खराब हो चुकी है और यहां पर दो समाज के लोगों की चौपाल भी हैं।

#### कोई समाधान नहीं हो रहा

पानी जमा होन के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बारे वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम ने बताया कि यहां पानी निकासी नहीं है बाबा ऋषि नाथ का मंदिर भी यही है जहां प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु मात्था टेकने के लिए आते हैं लेकिन गली में पानी निकासी न होने के कारण उखाड़ी गई गली को लेकर उन्हें बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है इसके अलावा। साथ लगते जोहड़ का पानी जब ओवर फ्लो होता है तो वह पैक्स के साथ-साथ गली में भी भर जाता है। जिससे गली में से खाली निकलना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस बारे विभाग को भी अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

---

# रोहतक रोड बना मौत का रास्ता

**जींद।** रोहतक रोड सड़क पर गड्ढों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क सुधार को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका है लेकिन स्थायी समाधान नही हो रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने जींद-रोहतक रोड की खस्ता हालत को लेकर प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह सड़क अब विकास मार्ग नही बल्कि मौत का रास्ता बन चुकी है। लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र में छोटे और बड़े दो हजार से अधिक गड्ढे बन चुके हैं। जिसकी वजह से 24 घंटे हादसा होने का डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि रोहतक रोड पर वाहन चालक जान हथेली पर रख कर सफर करते हैं। क्योंकि हर कदम पर मौत झांक रही है। गोयल ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की और ध्यान नही दिया गया तो लोग आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**एक थाली के चट्टे बट्टे कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति से लूटी वाहवाही**

# रंगारंग प्रस्तुतियों से नन्हे छात्रों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग द्वारा पारितोषिक वार्षिकोत्सव नवरंग धूमधाम से मनाया गया । डीएवी गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली द्वारा की गई। बच्चों ने तिलक द्वारा उनका स्वागत किया। गणेश स्तुति द्वारा बच्चों ने देव वंदन किया। युग प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा एक ईश्वर, एक धर्म, एक वेद ,एक गुरु का नारा देते हुए सब राज्य में मानवता को आगे बढ़ाना एक नाट्य प्रस्तुति द्वारा दर्शाया गया जो की अति सुंदर प्रस्तुति थी। एक थाली के चट्टे-बट्टे में बचपन की अनूठी मित्रता को दर्शाया गया। बच्चों की लड़ाई क्षण भर में प्यार में बदल जाती है । यह नृत्य देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। अगली प्रस्तुति जीवन की कठिनाइयों को कैसे जीता जाए व कभी हार न मानी जाए पर आधारित गीत /"जीवन के दिन छोटे सही हम भी बड़े दिलवाले' ने सबका दिल जीत लिया । नन्हे बच्चों ने देश की रक्षा करते हुए जवानों को अर्पित की। बच्चों का उत्साह व जज्बा देखते ही बनता था । /" तू बहती है कहां /" नामक प्रस्तुति में बच्चों ने गंगा की कुंभ पर्व के बाद की दशा को बहुत मनमोहन ढंग से पेश करते हुए प्रकृति का आज के मानव समाज को संदेश दिया।





#### मंच पर धमाल प्रस्तुति की

अंत में हरियाणा की संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य ने तो सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया । छोटे-छोटे बच्चे धोती कुर्ता पहने हरियाणवी नृत्य में पारंगत नजर आए । वेलकम टू हरियाणा जी द्वारा मंच पर धमाल प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने नवरंग में अनेक रंगों को घोलती प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और कहा कि छोटे बच्चों की प्रस्तुतियां बड़े बच्चों को प्रतिस्पर्धा देती प्रतीत हो रही थी । उन्होंने बताया कि बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना व उनका सर्वांगीण विकास करना ही पुलिस डीएवी संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। स्कूल बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सफल प्लेटफार्म देता है।

#### खेल हमारे जीवन की प्राण वायु हैः डॉ. विकास

प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल हमारे जीवन की प्राण वायु है हम खेलों से शारीरिक रूप से तो सक्षम होते ही हैं साथ ही दिमागी तौर पर मजबूत होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बच्चों को स्कूल में निःशुल्क खेलों का अभ्यास करवाया जाता है। स्कूल के बच्चे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अधिक से अधिक समय देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य व जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को सशक्त व सफलतापूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करें।